राजस्थान पत्रिका

24/6/14

प्रशिक्षण दिया

मालपुरा. केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविका नगर में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए ऊन उत्पाद, विनिर्माण और डिजाइन विषय पर त्रैमासिक प्रशिक्षण का समापन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कृषि नवोन्मेषी परियोजना के राष्ट्रीय निदेशक डॉ. डी. रामाराव ने कहा कि प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान से महिलाएं अपने स्तर पर लघु उद्योग स्थापित करें। संस्थान निदेशक डॉ. एस. एम. के. नकवी ने कहा कि बढ़ती महंगाई के दौर में परिवार के उत्थान में महिलाओं की भागीदारी जरूरी है।